*E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com ,cfgarh-forest-uk@nic.in, Phone & Fax :- 01368-222566*

# कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

**पत्रांकः–** 2103/12-1 **, दिनांक, पौड़ी, मार्च,** 27 **2021.**

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा 553/2015 के अन्तर्गत नारायणकोटी–कुठेड़ा–देवसाल तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु वनभूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण।

सन्दर्भः– प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/48585/2020

महोदय,

उपरोक्त प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर दिनॉक 20.03.2021 को प्राप्त हुआ जिसे मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से सम्बन्धित होने के कारण प्राथमिकता के आधार पर अग्रिम कार्यवाही हेतु पूर्व सूचना देकर दिनॉक 25.03.2021 को मौके का निरीक्षण किया गया। मौके पर गुप्तकाशी यूनिट प्रभारी श्री प्रमोद सिंह रावत एवं वन आरक्षी श्री अजय सेमवाल तथा लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता श्री मानसिंह एवं बेलदार श्री विनोद राणा उपस्थित रहे। कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा बताये गये प्रस्तावित सड़क प्रारम्भ स्थल के कुछ दूरी से लगभग 8 फुट चौड़ी नई कटी हुई सड़क सिविल वन भूमि में निर्मित की गई है जो देवसाल ग्राम तक बनी हुई यूनिट प्रभारी द्वारा बताया गया। इस सम्बन्ध में वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत किसी अनुमति की जानकारी लोक निर्माण विभाग अथवा वन विभाग के स्टाफ के द्वारा नहीं दी जा सकी। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जानी आवश्यक है।

प्रस्तावित सड़क संरेखण का भूमि पर कोई चिन्हांकन नहीं किया गया है जिससे सड़क निर्माण में प्रभावित होने वाले वृक्षों की गिनती व परीक्षण की कार्यवाही की जानी सम्भव नहीं थी। प्रस्तावित मार्ग के वैकल्पिक संरेखण का भी कोई भू–चिन्हांकन नहीं बताया गया जिससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। प्रस्तावक विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी के उपस्थित न होने के कारण भी इस प्रकरण में सही स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। मार्ग के प्रस्तावित एवं वैकल्पिक संरेखणों का स्पष्ट भू–चिन्हीकरण की कार्यवाही प्रस्तावक विभाग द्वारा कर देने के पश्चात उसमें प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना एवं नम्बरिंग का कार्य वन विभाग द्वारा पूरा कर इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने पर अग्रिम कार्यवाही सम्भव होगी।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर सूचित किया जाय।

भवदीय,

**(एन0एन0पाण्डेय)**
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

**पत्रांकः–** **दिनांकित**

**प्रतिलिपि** अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ (रूद्रप्रयाग) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

**(एन0एन0पाण्डेय)**
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

**//Jaideep//**